हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 12 मई 2024



## खबर संक्षेप

### शराब तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शराब तस्करी के मामले में फरार आरोपी की पतासाजी कर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 15 अप्रैल को डोंगरगढ़ पुलिस एवं सायबर सेल के साथ ग्राम लेड़ीजोब में मुकेश जंघेल के घर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी मुकेश जंघेल 34 साल ग्राम लेड़ीजोब एवं महेन्द्र वर्मा 24 साल साकिन मोहारा को पकड़कर आरोपी मुकेश जंघेल के घर से एवं टाटा सफारी वाहन से कुल 39 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कीमती 208260 रुपए एवं टाटा सफारी वाहन को जब्त कर आरोपीगण के विरूद्ध धारा- 34(2) 36 आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। प्रकरण में आरोपी नंदकिशोर साहू 32 साल साकिन बुधवारीपारा डोंगरगढ़ घटना दिनांक समय को मौके से फरार हो गया था, जिसे डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा पतातलाश कर 10 मई को गिरफ्तार कर 11 मई को माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

### एसपी ने किया डोंगरगांव थाना का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग अचानक डोंगरगांव थाना पहुंचे, जहां उन्होंने लंबित शिकायत पत्र, अपराध संबंधी जानकारी ली और लंबित मामलों को शीघ्र निराकरण करने कहा। इस मौके पर वे थाना के जवानों की समस्याएं भी सुनी। पुलिस सूत्रों के अनुसार 11 मई को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग थाना डोंगरगांव पहुंचकर थाना के रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित अपराध, लंबित शिकायत पत्र आदि का अवलोकन किया एवं लंबित मामलों को किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द पूरा करने कहा गया। पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग ने थाना की साफ-सफाई, जवानों की वेशभूषा को देखे। साथ ही थाना के शस्त्रागार, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया। वहीं थाना भवन का भी निरीक्षण किए। थाना में शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखने हेतु समझाईस दिया गया। साथ ही पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछकर निदान हेतु आश्वासन दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र शाह एवं थाना स्टाफ उपस्थित थे।

### माय एंगल




# धर्मांतरण की शिकायत के बाद बैठक, समाजों में बनी शांति पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में दो समाज के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कई विषयों पर चर्चा कर सहमति बनी। वहीं शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने असंवैधानिक घटना परिलक्षित होने पर पुलिस को सूचना देने की बात कही गई।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम स्थित जनसंवाद कक्ष में संवेदना बैठक आहुत की गई। जिसमें तहसीलदार मनीष वर्मा, थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू की उपस्थिति में मसीही समाज एवं सनातनी समाज के प्रतिनिधिगण उपस्थित हुए।

## शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने अधिकारियों ने ली दो समाज की बैठक

### समाज के लोगों ने की गहन चर्चा

ईसाई धर्मावलंबियों द्वारा अपने धर्मस्थल चर्च के बजाय किसी के घर में प्रार्थना सभा कर लोगों को चंगा करने के नाम पर व ईसाई पास्टर/ऑडिनेन्स प्राप्त (अभिषेक) ना होने के बावजूद धर्म का प्रचार-प्रसार अपने घर में कर रहे हैं और हिन्दुओं को मसीही धर्म अपनाने हेतु प्रेरित कर रहे हैं, जिस पर विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व हिन्दू समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों को आपत्ति थी। इस पर दोनों समुदायों विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, हिन्दू समाज एवं मसीही समाज के साथ गहन चर्चा कर दोनों पक्षों में सहमति बनी कि सिर्फ ऑडिनेशन प्राप्त (अभिषेक) पादरी ही प्रार्थना सभा कराने में सक्षम रहेगा और सनातनी सदस्यों द्वारा भी सीधे कानून अपने हाथ में नहीं लेने हेतु कथन किया है।



बैठक में कहा गया कि नांदगांव पुलिस शांति और सद्भावना बनाए रखने सदा तत्पर हैं। किसी भी प्रकार की असंवैधानिक घटना परिलक्षित होने पर निकटतम पुलिस थाना, चौकी को सूचना दी जाए, जिस पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### बैठक में रही उपस्थिति

उक्त बैठक में विश्व हिन्द अध्यक्ष योगेश बागड़ी, अनुप श्रीवास, ओमप्रकाश अग्निहोत्री व्हीएचपी, संजय शर्मा धर्म जागरण, डॉ. जैम्स नाग, डॉ. विमेंत नाग, विनाय, पास्टर प्रदीप, महेन्द्र मंडावी, पीएस पुनित कुर्रे, पी. सुरेश दीप, थामस, अमर दास, सुनील गोटिलेब, रेव. डेविड़ चाको अध्यक्षक पास्टर फेलोशिप, रेव. सुमन लाल अध्यक्षक क्रिश्चन समाज वेस्टर्न चर्च स्टेशन, विन्सेंट नाग, अरूण गुप्ता (अधिवक्ता), आशीष तिवारी, सुनील सेन, राहुल मिश्रा, प्रिंस प्रशांत हाथीबेड़, नवीन अग्रवाल, संतोष सिंह, कृष्ण कुमार सोनी एवं दोनों समाज के गणमान्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## दोनों नए जिलों में उठाव नहीं होने से केंद्र प्रभारियों की चिंता बढ़ी

# खरीदी के 3 माह बाद भी परिवहन नहीं, केंद्रों में करोड़ों का धान सूखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सरकारी खरीदी के निपटने के तीन माह बाद भी उठाव नहीं किए जाने के चलते उपार्जन केंद्रों में करोड़ों रुपए का धान सूख गया है। सबसे ज्यादा खराब हालत नवगठित खैरागढ़-छुईखदान- गंडई और मोहला-मानपुर-चौकी जिले की है, जहां की सोसायटियों में गर्मी के कारण पांच सौ से एक हजार क्विंटल तक धान सूख गया है। प्रशासन द्वारा सोसायटियों से रिकवरी कराए जाने की तैयारियों के बीच ही विरोध की भी स्थिति निर्मित हो गई है। सोसायटी कर्मियों का कहना है कि परिवहन नहीं होने के कारण खुले आसमान में पड़े धान सूख गए हैं।

चुनावी साल में एक नवंबर से शुरू हुई धान की सरकारी खरीदी इस बार 4 फरवरी तक की गई। खरीदी के शुरूआती दिनों से ही परिवहन की व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण अविभाजित जिले में कई बार उपार्जन केंद्रों में जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण खरीदी को रोकना भी पड़ा। फरवरी माह में खरीदी के बंद होने के बाद भी खाद्य विभाग द्वारा डीओ जारी करने में विलंब किया गया। यही कारण है कि परिवहन के लेट होने के चलते खुले आसमान में रखे धान के बोरे बारिश में जहां भीगते रहे। वहीं भीषण गर्मी में अब सूख रहे हैं। बताया जाता है कि मिलर्स जब धान का उठाव करने के लिए उपार्जन केंद्र पहुंच रहे हैं तो तौल में कम धान मिल रहा है।



### सरकार करें भरपाई

उपार्जन केंद्रों में आज भी करीब एक लाख क्विंटल धान पड़ा हुआ है। उठाव नहीं होने के चलते धान लगातार सूख रहा है। संगठन ने मांग की है कि सूखत की भरपाई सरकार वहन करे। यदि वसूली की जाएगी तो इस साल हम धान खरीदी नहीं करेंगे।

\- **ईश्वर श्रीवास,** अध्यक्ष सोसायटी कर्मी संघ

### रिकवरी से कर्ज में डूबेगी सोसायटी

राज्य शासन द्वारा सूखत की वसूली सोसायटी और उपार्जन केंद्र के कर्मियों से किए जाने के निर्देश हैं। इस बार प्रशासनिक लापरवाही के कारण दोनों जिलों में धान का परिवहन नहीं हुआ है। तीन माह बाद भी उपार्जन केंद्रों में धान रखा हुआ है। ऐसी स्थिति में यदि सोसायटियों से सूखत की वसूली की जाएगी तो कई सोसायटियां न सिर्फ कर्ज में डूबेगी, बल्कि कर्मियों को वेतन भी नहीं मिल पाएगा।

**वसूली फिलहाल रूकी :** दोनों जिलों की करीब 60 उपार्जन केंद्रों में पांच सौ से एक हजार क्विंटल तक धान कम हो गया है। करोड़ों रुपए के धान सूखने की रिपोर्ट के सामने आने के बाद प्रशासनिक अफसर भी सकते में आ गए हैं। बताया जाता है कि मोहला प्रशासन ने सूखत का दंड सोसायटियों से वसूलने की तैयारी की थी, लेकिन सोसायटी कर्मियों द्वारा विरोध दर्ज कराए जाने के बाद मामले को फिलहाल रोक दिया गया है।

### नांदगांव जिले में सूखत जीरो

राजनांदगांव जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी के साथ-साथ परिवहन को लेकर तगड़ी रणनीति तैयार किए जाने के चलते इस बार भी राजनांदगांव जिले के उपार्जन केंद्रों में सूखत का आंकड़ा जीरो आया है। यहां समय-सीमा के भीतर धान का उठाव किए जाने के चलते सूखत की कोई दिक्कतें सामने नहीं आई है। राईस मिलर्स ने भी जिले से धान का उठाव शत-प्रतिशत पूरा कर दिया है।

## गांजा, ड्रग्स के साथ शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ चलेगा अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने क्राईम मीटिंग लेकर पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि नशीले पदार्थ गांजा, ड्रग्स एवं अवैध शराब तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। साथ ही धोखाधड़ी, चिटफंड़ से संबंधित अपराधों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने हेतु हिदायत दी गई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में क्राईम मीटिंग लेकर पुलिस अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया है कि जुआ, सट्टा के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। नशीले पदार्थ गांजा, ड्रग्स, अवैध शराब तस्करों पर सख्त कार्रवाई महिला व बच्चों एवं बुजुर्गों से संबंधी शिकायत व रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करने एवं लापरवाही नहीं बरतने हिदायत दी। गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध लोगों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई, स्थाई वारंट तामिली एवं गुंडा बदमाशों पर निगरानी कर अपराधों में अंकुश लगाने हेतु ज्यादा से ज्यादा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। मीटिंग में अतिरक्त पुलिस ऑप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम व जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

### फरार आरोपियों की गिरफ्तारी करें

बैठक में अपराधों पर नियंत्रण एवं आसामाजिक तत्वों, नशीले पदार्थों की खरीदी-बिक्री, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध लोगों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए। थानों पर लंबित विवेचनाएं, विशेषकर एससी-एसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराध, पॉक्सो एक्ट आदि की समीक्षा की गई। जितने भी मर्ग पेंडिंग हैं, उसका शीघ्र निराकरण करने हेतु हिदायत दी गई। धोखाधड़ी व चिटफंड़ से संबंधित अपराधों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने हेतु हिदायत दी गई।

# द्रोणिका का असर...आज से फिर बदलेगा मौसम, अंधड़ के साथ बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल के साथ ही प्रदेशभर में फिर से मौसम बदलाव के संकेत मिल रहे है। उत्तरी दिशाओं में स्थित एक द्रोणिका की वजह से हल्की बारिश के साथ ही अंधड़ चलने की संभावनाए जताई गई है। हालांकि इसके बावजूद तापमान में वृद्धि होगी।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका पश्चिम उत्तर प्रदेश से दक्षिणी असम तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से कोमोरान क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 11 मई को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है । प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किंतु हल्की वृद्धि का दौर लगातार जारी रहने की संभावना है।

## बिलासपुर, रायपुर-दुर्ग से गर्म रहा राजनांदगांव



### 40 के नीचे तापमान, 1-3 डिग्री चढ़ेगा

अंचल का अधिकतम तापमान शनिवार को 39.6 डिग्री पर रहा, यह सामान्य से एक डिग्री अधिक है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में इसमें 1 से 3 डिग्री तक का इजाफा देखने को मिल सकता है। आज अंधड़ चलने से फिर बिजली सप्लाई में समास्या देखने को मिल सकती है।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पुत्र का संदिग्ध हालत में मिला शव

**खैरागढ़।** खैरागढ़ से डोंगरगढ़ मार्ग में ग्राम कुम्ही के पास पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पुत्र की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया एवं मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्ही बिजली सब-स्टेशन के पास पुलिया के आगे रोड पर आज सुबह आसपास के ग्रामीणों एवं राहगीरों द्वारा एक युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश देखा गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। वहीं लोगों ने मृतक की फोटो सोशल मीडिया में भी वायरल किया। बताया गया कि मृतक की शिनाख्ति उत्तम जंघेल पिता अमृतलाल जंघेल 25 वर्ष निवासी आमाघाट कांदा के रूप में की गई। बताया गया कि मृतक की मां रेखा वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य है। वहीं पिता पूर्व सरपंच है। इधर उक्त स्थल पर युवक का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई है। बताया गया कि शव को पीएम के लिए चिकित्सालय भिजवाया गया है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। बताया गया कि मृतक 10 मई को सुबह तक घर पर ही था। घर से निकलने के बाद कहां गया उसकी जानकारी परिजनों को नहीं हो पाई थी।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न,
• धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## एसी का व्यापार भी गांवों तक पहुंचा, दुकानों के साथ ही बड़े शो-रूम भी खुल गए

# एसी अब खास से बना आम, गांव के साथ छोटे शहरों में भी भारी डिमांड, कूलर का व्यापार पहले से लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एयर कंडीशनर अब खास से आम होता जा रहा है। एक समय था, जब इसकी डिमांड बड़े शहरों और अमीरों के घरों के लिए होती थी, लेकिन अब एसी की डिमांड बड़े शहरों से हटकर गांवों और छोटे शहरों में भी बढ़ गई है। अब मध्यम वर्ग के घरों में भी एसी लगातार लग रहे हैं। इस सीजन कारोबार में भी करीब 20 फीसदी का इजाफा हो गया है। सीजन अभी करीबन एक महिने का बचा है और अभी तक एसी का प्रदेश में लगभग दो सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो गया है। इसी के साथ कूलर और फ्रिज को मिलाकर अब तक सीजन में साढ़े तीन सौ करोड़ का कारोबार हो गया है। इस बार एसी के अलग-अलग मॉडलों में 5 से 7 फीसदी तक कीमत बढ़ी है। इसी के साथ फ्रिज की कीमत में भी तीन से पांच फीसदी तक का इजाफा हुआ है, लेकिन जहां तक कूलरों का सवाल है तो इनकी कीमत इजाफा नहीं हुआ है। इस सीजन के लिए कारोबारी खास तैयारी भी करते हैं। एसी, फ्रिज और कूलरों के स्टॉक का आर्डर दिसंबर में ही दे दिया जाता है। इसके बाद जनवरी से स्टॉक आने भी शुरू हो जाता है। अब तो आमतौर पर फरवरी से ही गर्मी अपने तेवर दिखने लगती है। इस बार भी फरवरी में गर्मी ने तेवर दिखाए और कारोबार होने लगा। फरवरी और मार्च में तो कारोबार की रफ्तार कम रही, लेकिन रफ्तार बहुत तेज हो गई है।

### एसी कारोबार में उछाल

एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 20 हजार से एक लाख तक के आते हैं। कारोबारियों के मुताबिक गर्मी के सीजन में वैसे तो 60 से 65 हजार एसी बिक जाते हैं, लेकिन इस बार गांवों और छोटे शहरों से भी बड़ी डिमांड होने से इसका कारोबार ज्यादा होने का अनुमान है।



### फ्रिज का कारोबार थोड़ा कम

गर्मी के सीजन में फ्रिज भी बिकते हैं, लेकिन इनका कारोबार एसी और कूलरों के मुकाबले कम रहता है। फ्रिज का कारोबार दीपावली के समय ज्यादा होता है। दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी रहता है। वैसे गर्मी के मौसम में शादियों का सीजन रहता है। यही वजह है कि गर्मी के सीजन में 70 से 80 करोड़ के आसपास फ्रिज का कारोबार हो जाता है। अब तक इसका भी 50 करोड़ का कारोबार हो गया है।

### लोकल कूलर की डिमांड, ब्रांडेड भी बिक रहे

गर्मी के सीजन में सबसे बड़ा कारोबार कूलरों का होता है। कूलरों की बिक्री भी फरवरी से लगातार हो रही है। लोकल कूलरों में विडो कूलरों की मांग ज्यादा रहती हैं। ये कूलर चार से आठ हजार, आज-कल तो दो हजार तक के छोटे कूलर भी आने लगे हैं। इसके अलावा रूम कूलरों की भी बड़ी डिमांड रहती है। हालांकि पिछले सालों के मुकाबले कुलर का व्यापार नीचे आया है।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्मानीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय राजनांदगांव में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करनें का समय
सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय दुर्गा चौक, राजनांदगांव (छ.ग.) मो. 9425565082
स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय एकता चौक कवर्धा (छ.ग.) मो. 8889139071

## खबर संक्षेप

### क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**चिचोला।** ग्राम गोविंदपुर में महावीर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में कल 12 मई से रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 8000, द्वितीय 4000, तृतीय 2500, चतुर्थ 1500 दिया जाएगा। यह जानकारी राजेश साहू ने देते हुए ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील किया है।

### कांग्रेस का खिसका जनाधार

**डोंगरगढ़।** शहर भाजपा मंडल



अध्यक्ष अमित जैन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के काम को देखकर कांग्रेस नेता अपना जनाधार खोने से बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों सरकार युवा, किसान, मजदूर और महिलाओं के लिए काम कर रही है जबकि पूर्ववती कांग्रेस सरकार ने किसान, मजदूरों के हित के विपरित काम किया। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षो में विकास के नए आयाम छुए है। देश की अर्थव्यवस्था अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। मोबाइल उत्पादन के क्षेत्र में भारत दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। देश में लड़ाकू विमान, मिसाइल, ड्रोन, टैंक, बुलेट प्रूफ गाड़ियां, हेलीकॉप्टर आदि का निर्माण होने लगा है। उन्होंने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पूर्व अध्यक्ष नवाज खान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गड़बड़ी उजागर होने के बाद भी वह अपने आप को दूध का धुला बता रहे है। अगर 5 साल के कार्यकाल की जांच की जाए तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने का खुलासा होगा।

### दो लाख वोटों से जीतेंगे पांडेः ठाकुर

**डोंगरगढ़।** जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने



भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के दो लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र की जनता ने मोदी सरकार की कार्यशैली से संतुष्ट होकर भारी मतदान किया है। आगामी 4 जून वह ऐतिहासिक दिन साबित होगा जब कांग्रेस को जनता भारी मतों के अंतर से पराजित करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को जीत तक पहुंचाने में जिला, मंडल नेतृत्व से लेकर बूथ अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सहसंयोजक एवं जमीनी कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है।

### प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**डोंगरगढ़।** डा.आंबेडकर आवासीय शाला बछेराभाठा में कक्षा 6, 7, एवं 8वी की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आदिवासी छात्रों के आवेदन आमंत्रित किया है। प्राथमिकता के आधार पर ऐसे बच्चे जिनके पालक नहीं है, मजदूर या नक्सल पीड़ित परिवार के बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा।

### शहर और गांव में उल्लास से मनाया गया अक्ती पर्व

# छोटे बच्चों ने किया पुतला-पुतली का ब्याह, गांव में खेती की शुरूआत





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर और गांवों में अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान शंकर- पार्वती एवं भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम की पूजा अर्चना किया गया। बच्चों ने पुतला-पुतली का विवाह कराया। बच्चों सहित परिजनों ने आंगन में पंडाल सजाकर परम्परा अनुसार धूमधाम से पुतला पुतली का विवाह कराकर मिठाई बांटा। गौड़ मारवाड़ी ब्राम्हण समाज ने परशुराम भगवान की पूजा कर शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा में सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। सर्व ब्राम्हण समाज ने स्थानीय कृषि उपज मंडी से मोटर सायकल रैली निकालकर भगवान परशुराम के जयकारे के साथ हिन्दू धर्म के अस्तित्व के रक्षा के आव्हान करते हुए नारेबाजी किया। मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के निवास पर समिति के पदाधिकारी सहित नागरिकों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, बबलू शांडिल्य, संजय श्रीवास्तव, अनिल गट्टानी, प्रकाश बिंदल, राजेश अग्रवाल, संजीव गोमास्ता, मधु नरेडी, योगेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, केशव नरेडी, शरद अग्रवाल, गौतम चोपड़ा, अजय अग्रवाल, विजय अग्रवाल, लाला चावड़ा, राजू छाजेड़, रानीदान जैन, विपुल पचेरी, नितिन पचेरी सहित अन्य उपस्थित थे।

### बच्चों का बढ़ाएं उत्साहवर्धन



**छुईखदान।** अक्षय तृतीया को सबसे शुभ दिवस माना गया है। इसी दिन परशुराम जयंती उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह वह दिन होता है जब किसी भी मांगलिक कार्यो के लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती है। इस दिन बड़ी संख्या में मांगलिक कार्य होते हैं वहीं जिन परिवारों में विवाह नहीं होते वहां की बच्चे गुडडे-गुडिया का रस्मो रिवाज के साथ विवाह कराती है। वह बड़े बुजुर्गो से अपेक्षा रखती हैं कि शादी में अवश्य उपहार देंगे। सभी को बच्चों की भावनाओ का पूरा ख्याल रखते हुए कोशिश करनी चाहिए कि उनका मनोबल न टूटे। युवराज देवराज किशोर दास ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में आयोजित गुडडा-गुड़यि के विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर टिकावन के रूप में राशि देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चे छग की सांस्कृतिक धरोहर से जुडी परंपरा का निर्वहन करते हुए अक्षय तृतीया के अवसर पर पंडालों को सजाते है। यहां मिट्टी के गुडडे गुड़यि का विवाह कराते है इस नाते उपहार पाना उनका अधिकार है। श्री दास के साथ कमलेश यादव आदि ने शहर का भ्रमण करते हुए पंडालों में पहुंचकर व्यवहार दिया।

### बच्चों ने कराया पुतरा पुतरी का ब्याह



**घुमका।** शुक्रवार को अंचल में अक्षय तृतीया उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पुतली पुतला का विवाह उत्साह के साथ बच्चों ने संपन्न कराया। ग्राम की चंदन गली में मंडप सजाकर गुरुवार को चुलमाटी, शुक्रवार को हरिद्रा लेपन, देव पूजन, देव तेला का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाजे गाजे के साथ बारात निकाली गई। कार्यक्रम में बड़े लोगों ने शामिल होकर उत्साहवर्धन करते हुए टीका का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में भूमि, घनिष्ठ, वेदिका, आरुषि, डाली, रश्मि, रोमेश, प्रियांशु, सुशांत, उर्वशी, हिना, काव्या आदि की सराहनीय भूमिका रही। किसानों ने अक्षय तृतीया के मौके पर खेतों में पूजा पाठ किया। पूर्व सरपंच केशव जंघेल, दीपक वर्मा, अशोक वर्मा, द्वारिका वर्मा, मुरलीधर वर्मा, गजानंद वर्मा आदि ने बताया खरीफ फसल की बोनी की शुरुवात कर दिया है। स्थानीय ब्राह्मण समाज ने परशुराम जन्मोत्सव मनाया।

## 10वीं की परीक्षा में तनवीर नायक का शानदार प्रदर्शन



**डोंगरगांव।** स्थानीय बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा दसवीं का परिणाम शानदार रहा। स्कूल के होनहार छात्र तनवीर नायक कुछ अंकों से प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने से चूक गया।

प्रभारी प्राचार्य नीलेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा में 11 स्टूडेंट्स सम्मिलित हुए थे, जिसमे सभी उत्तीर्ण हुए। रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। संस्था के 8 स्टूडेंटस प्रथम श्रेणी तथा 3 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। तनवीर कुमार नायक ने 92.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रेमलता चंद्रवंशी 86.16 प्रतिशत द्वितीय, नवीन सोनकर 81.16 प्रतिशत तृतीय, अनीश साहू 73.16 प्रतिशत चतुर्थ तथा आलोक बोरकर ने 70.50 प्रतिशत अंक के साथ पंचम स्थान हासिल किया। इसके अलावा ज्योति साहू, माही चंद्राकर, प्रियांक मालेकर, साहिल खोब्रागढ़े, प्रियांशु रामटेके, कुणाल पटेल ने उत्कृत्ट प्रदर्शन किया। समस्त सफल छात्र छात्राओं को एचएम धन्नी साहू, नीतू रत्नाकर, कीर्ति सागर, हारिका पटेल, शिवराज शांडिल्य, सुमन साहू, प्रीति साहू, ऐश्वर्या ध्रुव, उषा साहू, पल्लवी यदु, लक्ष्मी शर्मा, पिंकी देवांगन, महिमा देवांगन, माधुरी साहू, नीरज साहू, दानबाई रावटे, परमेश्वरी कंवर, तेजबाई साहू, भूपेन्द्र साहू, भूमिका पटेल, तामेश्वर साहू, शिव यादव आदि ने बधाई दी है।



### बेलगांव स्कूल में कामनी जंघेल प्रथम

**मुरमुंदा।** राजीव गांधी मेमोरियल हाई स्कूल बेलगांव में कक्षा दसवीं का परिणाम बेहतर रहा। कक्षा दसवीं में कामनी जंघेल ने 86.5, ओमकार पटेल 75.1, देविका निषाद 69, पंकज मंडावी 67.3, वर्षा वर्मा 66 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल किया। विद्यालय के संचालक शेखर श्रीवास्तव, प्राचार्य गणेशी यादव, शिक्षिका दीपा चंदेल, कामेश्वरी देवांगन, अशोक मसराम, राजेश चंद्रवंशी, नीरज सोने आदि ने बच्चों को बधाई दी है।



**मुरमुंदा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुरमुंदा में गत दिनों परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शाला की कक्षा 12 कामर्स संकाय में उमा साहू पिता हेमलाल साहू निवासी मुड़पार ने 78.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा दसवीं की छात्रा सेवती सिन्हा पिता केशव सिन्हा ने 88.33 प्रतिशत अंक के साथ सफलता प्राप्त किया। संत प्रयाग विद्यालय मुरमुंदा की कक्षा दसवीं के चंद्रेश कदम पिता खेमचंद कदम निवासी मुरमुंदा ने 80.33 फीसदी अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं की ही ओमिशा ठाकरे को 87.16 प्रतिशत, लोकप्रिया बंजारे को 80.66 प्रतिशत अंक मिले। संत प्रयाग विद्यालय मुरमुंदा की कक्षा 12 वीं की छात्रा तनुजा कौशिक ने 75 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। प्राचार्य अंजना चौधरी एवं समस्त शिक्षकों ने सभी कामयाब बच्चों को बधाई दी है।

## कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा



**गंडई पंडरिया।** गंडई में 18 से 24 जून तक अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शिव भक्तों को शिव महापुराण की कथा का श्रवण कराएंगे। इस आयोजन के लिए समिति द्वारा व्यापक तैयारियां किया जा रहा है।

कथा के लिए गोंडवाना मैदान को तय किया गया है जिसका आगामी 13 मई को भूमिपूजन किया जाएगा। समिति ने कलेक्टर से कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर निवेदन किया था इस परिपेक्ष्य में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने शनिवार को गोंडवाना मैदान का जायजा लेते समिति वालो से बातचीत किया। उन्होंने भोजन व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, भीड़, पानी एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लिया। उन्होंने कार्यक्रम के लिए चयनित स्थल को पर्याप्त बताते हुए जल्द ही प्रशासनिक बैठक कर व्यवस्थाओं को लेकर निर्देशित करने की बात कही। समिति के सुधांशु यादव ने बताया कि कलेक्टर के समक्ष समिति ने नदी पर वैकल्पिक 2 पुल बनवाने का निवेदन किया है ताकि महिलाओ और पुरुषों को व्यवस्थित किया जा सके। इस दौरान एसडीएम रेणुका रात्रे, नायब तहसीलदार अमरदीप अंचल, सीईओ जेएस राजपूत, समिति के सुनील अग्रवाल, जित्तू गोयल, पुष्पेंद्र देवांगन, खम्हन ताम्रकर, अनिल जैन, गोल्डी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## एडिशनल मिशन डायरेक्टर नीति आयोग शेखर रहे जिले के दौरे पर

**मोहला।** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत आनंद शेखर एडिशनल मिशन डायरेक्टर नीति आयोग (दिल्ली) जिले के विकासखंड अंबागढ़ चौकी दौरे पर रहे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह भी मौजूद रहे। आनंद कुमार ने बांधाटोला स्थित आयुष्मान आरोग्य सेंटर पहुंचकर बीमारियों, सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली एवं सम्पूर्ण स्थिति का जायजा लिया। साथ ही आत्मानंद स्कूल अं.चौकी में स्मार्ट क्लास, लैब और पढ़ाई से संबंधित सुविधाओं का अवलोकन किया। वहीं शिक्षकों को बच्चों में व्यवहार परिवर्तन, करियर क्लास, पोषण के संबंध में जानकारी देने की बात कही। क्लास ड्रैप के संबंध में जानकारी ली। आनंद कुमार ने शिक्षा व्यवस्था की सराहना की। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई मरारटोला चिल्हाटी पहुंचे। वहां उन्होंने सफाई दीदियों से कचरा प्रबंधन की जानकारी ली। इसके साथ ही नलजल, शौचालय के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लिए। साथ ही उन्होंने ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट आमाटोला का अवलोकन किया। वहां उन्होंने संक्षेप में जानकारी ली।




### आंगनबाड़ी केन्द्र का किया अवलोकन

घरों से निकलने वाले दूषित पानी को कैसे फिल्टर कर तालाब में पहुंचाया जाता है प्रोसेस को जाना। साथ ही आनंद कुमार ने पास में ही स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन कर बच्चों की संख्या, गतिविधि, पोषण ट्रैकर की जानकारी ली। वहीं आमाटोला में ही हितग्राही के घर शौचालय का भी अवलोकन किया। ग्रामीणों से चर्चा कर समस्या पूछे। इस दौरान आनंद ने चौकी विश्राम गृह में कुछ किसानों से मुलाकात कर उनकी हाल-चाल जाना व खेती किसानी से जुड़े संबंधित बातों पर चर्चा किए। किसानों ने मिलेट्स भेंट किए। इसके साथ ही किसानों से बातचीत कर मिलेट्स उत्पादन, प्रोसेस, प्रोड्क्ट तैयार आदि की जानकारी लिए एवं आने वाले समय में बेहतर हेतु आवश्यकता दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, परियोजन निदेशक हेमंत ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ अं.चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके समेत विकासखंड स्तरीय आला अधिकारी उपस्थित थे।

## लालबाग में 13 को दिव्य सत्संग

- श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूज्य श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार राजनांदगांव द्वारा 13 मई को दिव्य सत्संग एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया है। सत्संग शाम 7 से 9 बजे तक पुष्पांजलि भवन रॉयल किड्स स्कूल के पास लालबाग में आयोजित है। सत्संग में जगदलपुर से भजन गायक केपीएस बामल एवं शालिनी जोशी समां बांधेगे। शालिनी एवं बामल जीडी वाइन काल बैंड के संस्थापक हैं।

सत्संग संयोजक अंब्रिक मोटलानी ने कहा कि सत्संग और ध्यान के इस उत्सव में कोई जाति और धर्म का बंधन नहीं है। सबके लिए प्रवेश निःशुल्क है। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सागर ललवानी, गौरव पंजवानी, विवेक सिंह, नुपुर श्रीवास्तव, अशोक जैन, सुनीता अग्रवाल, इंदुबेन ठक्कर, थानेश्वर सिन्हा, शोभा चौरसिया एवं सभी वॉलंटियर सत्संग संध्या की तैयारी में लगे हुए हैं। उक्त जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग की संयोजिका एवं प्रशिक्षिका प्रभा ठाकुर ने दी।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### कुमर्दा में हुआ आयोजन

# कवि सम्मेलन में गूंजे ठहाके

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जादूटोला उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य शंकर शरण खोब्रागढ़ और उनकी धर्मपत्नी निर्मला खोब्रागढ़े के जन्मदिवस तथा विवाह के वर्षगाँठ के अवसर पर कुमरदा में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आयोजक श्री खोब्रागढ़े, पूर्णानंद चुरेंद्र, किसन साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, ज्ञानचंद साहू, सरपंच दिनेश ठाकुर, कांतिलाल साहू, नवीन साहू, प्रदीप साहू, ललित साहू एवं फ्रेंड्स फिट क्लब के कोच हरीश चौहान आदि ने कवियों का सम्मान किया। कवि सम्मेलन की शुरुआत प्रसिद्ध गीतकार मीर अली मीर ने सरस्वती वंदना से की। उन्होंने अपने प्रसिद्ध गीत नंदा जाही का रे तथा अन्य गीत और गज़लों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी।




### दर्शकों ने उठाया आनंद

इसके पश्चात संतु राम गंजीर, व्यंग्यकार लखन लाल साहू, बेमेतरा के गीतकार अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, झलमला के व्यंग्यकार पुष्कर राज और डॉ. एस एल गंधर्व ने हास्य कविता के माध्यम से सरकारी विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार की पोल खोला। कवियत्री माला गौतम ने छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति दी। संचालन कर रहे हास्य कवि वीरेंद्र तिवारी ने व्यंग्य रचना प्रस्तुत कर श्रोताओं को लोटपोट किया। इस अवसर पर गौरीशंकर यादव, जीडी शेंडे रामेश्वर कोसमा, प्राचार्य धर्मेंद्र सारस्वत, अनिल केसर, बैंक मैनेजर परेश कुमार स्वाइन, लाभचंद साहू, मोरारी जी, दिनेश शुक्ला, तामेश्वर खोब्रागढ़े, छबील दास साहू, रेखुराम भुआर्य, बसंत यादव, रामकुमार, महेश्वर साहू, रविंद्र दुबे, ममता दुबे, रोहित तारम आदि उपस्थित थे।

### अक्षय ठाकुर की याद में स्मृति समागम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व विधायक स्व. विद्याभूषण



ठाकुर के ज्येष्ठ पुत्र स्व. अक्षय ठाकुर की याद में कल 12 मई को प्रेस क्लब भवन राजनांदगांव में स्मृति समागम का आयोजन सुबह 10.30 बजे से किया गया है।

विद्याभूषण ठाकुर मेमोरियल हॉस्पिटल डोंगरगांव के संचालक डॉ. प्रियांक ठाकुर ने बताया कि इस समागम में अक्षय ठाकुर से जुड़े सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम में वे अक्षय ठाकुर के साथ अपने अनुभव को साझा कर सकते हैं।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसिन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## विरोध प्रदर्शन: सैकड़ों महिलाओं ने जिला कार्यालय का घेराव किया

# भलपहरी गिट्टी खदान बंद कराने ग्रामीण महिलाओं का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम भलपहरी में संचालित गिट्टी खदान को बंद कराने की अपनी लंबित मांग को लेकर शनिवार को गांव की सैकड़ों महिलाओं ने चिलचिलाती धूप में जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचकर जिला कार्यालय में धावा बोल दिया और कार्यालय का घेराव कर अपनी मांग कोलेकर जोरदार प्रदर्शन किया। हालांकि महिलाओं की भारी भीड़ और उनके आक्रोश को देखते हुए पुलिस प्रशासन तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने पहले ही सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता कर लिए थे और जिला कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़कर सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया था। जिसके चलते कोई भी प्रदर्शनकारी कार्यालय के अंदर प्रवेशी नहीं कर पाया। लेकिन फिर भी आक्रोशित महिलाओं ने मुख्य गेट के बाहर से ही अपने जोशीले नारों और अपनी ललकार से प्रशासन को हिलाकर रख दिया। बताया जाता है कि महिलाएं अपनी समस्या और मांग सीधे कलेक्टर से सांझा करने की मांग को लेकर घंटो जिला कार्यालय के बाहर टंडी रही और जोरदार नरेबाजी करती रही। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी उन्हें समझाईश देते रहे लेकिन उन्होने किसी भी नहीं सुनी। उल्लेखनीय है कि विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम भलपहरी में करीब चार दशकों से गिट्टी खदान का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो बीते करीब चालिस वर्षो से इस खदान के लगातार संचालन से अब इस खदान ने व्यापक रूप ले लिया है। जिसके कई घातक परिणाम ग्रामीणों को भुगतने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खदान में वर्षो से पत्थर की चट्टानो को तोडऩे के लिए किए जा रहे नियम विरूद्ध विस्फोट से गांव की पूरी धरती कांप रही है। लगातार के विस्फोट से भू-जल स्त्रोत नष्ट हो चुके हैं और गांव के हैण्ड पंपों ने पानी उगलना बंद कर दिया है। वहीं दूसरे जल स्त्रोत भी बंद हो चुके हैं जिससे गांव तालाब तथा अन्य जल स्त्रोत सूख चुके है जिसके कारण इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को निस्तारी के साथ पेयजल की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके अलावा खदान में लगातार विस्फोट से उनके घरों में दरारे आ चुकी है और घरों की नींव हिल चुकी है। उनके घर इतने कमजोर हो चुके है कि कभी भी भरभराकर गिर सकते हैं। खदान के विस्फोट से उठने वाली डस्ट से भी ग्रामीणों की फसलों और उनके स्वास्थ्य को भारी नुकसान हो रहा है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि यह सब न तो गिट्टी खदान संचालक को दिखाई दे रहा है और न ही शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय औहदेदोर जनप्रतिनिधी ग्रामीणों की इस जीवलेवा गंभीर समस्या से कोई सरोकार रख रहे हैं।



### लगातार की मांग व शिकवा शिकायत के बाद भी कार्यवाही शून्य

अपनी मांग व समस्या को लेकर शनिवार को जिला कार्यालय पहुंची महिलाओं ने बताया कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब जिला प्रशासन से इस संबंध में शिकवा शिकायत की जा रही है। इससे पूर्व भी ग्राम भलपहरी में संचालित गिट्टी खदान को बंद कराए जाने की मांग को लेकर दर्जनों बार लिखित शिकायत की जा चुकी है। इसके अलावा ग्रामीणों द्वारा पूर्व में भी इस मांग को लेकर जिला कार्यालय का घेराव किया जा चुका है और प्रशासन द्वारा कार्यवाही का आश्वासन भी दिया गया था लेकिन आज पर्यंत प्रशासन ने अपने आश्वासन तथा ग्रामीणों की मांग पर कोई कार्यावाही नहीं की। उन्होंने कहा कि प्रशासन की इसी उपेक्षा को देखते हुए आज ग्राम भलपहरी सहित आसपास के गांवों की महिलाओं को सड़क पर उतरने मजबूर होना पड़ा।

### हांथों में बैनर, पौस्टर और तख्ती लेकर पहुंचीं थीं महिलाएं

अपनी मांग व समस्याओं को लेकर जिला कार्यालय पूरी तैयारी के साथ महिलाएं पहुंची थी। उनकी हांथों में अपनी मांग व समस्या से संबंधी तख्ती, बैनर पोस्टर थे। महिलाएं इस बात पर अड़ी थी की वे अपनी समस्या और मांग से सीधे जिला प्रशासन के मुखिया से सांझा करेंगी और भलपहरी खदान को बंद करने संबंधी प्रशासन का आदेश साथ लेकर ही गांव वापस लौटेंगी। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों की काफी समझाईश के बाद महिलनाएं एक बार फिर आश्वास लेकर ही लौट गई।

## पोलमी आदिवासी आवासीय विद्यालय के सभी विद्यार्थी दसवीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण



■ मुखबिर की सूचना पर स. लोहारा पुलिस ने की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पडरिया ब्लॉक के वनांचल गांव पोलमी में स्थित आदिवासी आवासीय विद्यालय के सभी बैगा बच्चों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। आदिवासी बच्चों की इस उपलब्धि से आदिम जाति कल्याण विभाग काफी खुश है। उल्लेखनीय है कि आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा वनांचल में रहने वाले बैगा आदिवासी परिवार के बच्चों के आवासीय विद्यालय संचालित किया जा रहा है। इन स्कूलों में सिर्फ बैगा आदिवासी बच्चे ही शिक्षा हासिल करते हैं। जिसका सारा खर्च सरकार उठाती है। पोलमी बैगा आदिवासी आश्रम में 10 वीं में 18 बच्चे हैं। इस बार की बोर्ड परीक्षा में सभी 18 बच्चों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी परिणाम हासिल किया है। बच्चों के इस रिजल्ट से ना सिर्फ आदिवासी समाज बल्कि समूचा जिला अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। आदिम जाति कल्याण विभाग कवर्धा के आयुक्त एसके पटेल ने बताया जिले में बड़ी संख्या में बैगा आदिवासी आवासीय विद्यालय चल रहे हैं। सभी बैगा आदिवासी बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। पोलमी आवासीय विद्यालय के बच्चों में शिक्षा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिलता है। बच्चों के इस उत्साह को देखते हुए स्कूल में शिक्षक की संख्या बढ़ाई गई है। स्कूल के अलावा आवासीय परिसर में कोचिंग भी कराई जाती है। लगातार बच्चों की मॉनिटरिंग की जाती है। जिसका नतीजा ये मिला कि बच्चों ने अच्छा रिजल्ट लाकर दिखाया।

### परीक्षा में 10 बालिकाएं और 8 बालक शामिल

दसवीं कक्षा के 18 बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें 10 लड़की और 8 लड़कें शामिल हैं, बच्चों का परिणाम देखकर दूसरे आश्रम के बच्चे भी उत्साहित होंगे और आने वाले समय में और बेहतर करके दिखाएंगे।

## खबर संक्षेप

### कोयलारी हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

**पिपरिया।** ग्राम कोयलारी के शासकीय हाई स्कूल में दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसमें स्कूल की तारणी चंद्राकर ने 88.66 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं देविका चंद्राकर 82.66 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, दुलेश्वर चंद्राकर 82.33 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान, लीलाधर चंद्राकर 81.5 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान और विष्णु चंद्राकर 81.33 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं के कुल 70 में से 68 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें से पूरे 68 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 32 विद्यार्थी प्रथम व 36 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण रहे। प्रभारी प्राचार्य नरेश कुमार सिन्हा ने स्कूल के अच्छे परिणाम पर हर्ष जताया है। उन्होंने व्याख्याता सुनील कुमार कांसकार, कीर्तन नायक, सोनलता मरकाम, अतिथि शिक्षक कुमेश्वरी चन्द्राकर, सुजाता व अन्य शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को बधाई दी है और विद्यार्थियों व शिक्षकों को आगे भी इसी तरह मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

### बीएससी-बीएड का परीक्षा परिणाम जारी

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने बीएससी-बीएड -चार वार्षिक परीक्षा-2024 के परिणाम जारी कर हैं। इसके तहत बीएससी-बीएड भाग-चार का रऑल 98.97 प्रतिशत रहा है। इस परीक्षा में उन्न 97 विद्यार्थी शामिल हुए, जिसमें 96 उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर अपलोड किए हैं।

### चार दिनों से नलकूप फीडर की बिजली बंद

**कवर्धा।** इन्दौरी फीडर के अंतर्गत ग्राम खपरी व चचेड़ी गांव में आंधी तूफान के चलते विगत 4 दिनों बिजली बंद है जिससे दोनों गावों के लगभग 40 ट्यूबवेल बन्द है। गन्ना खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कनिष्ठ अभियंता आशीष सोनी व सहायक अभियंता मुकेश लहरे को 3 दिनों से मौखिक रूप बार-बार संपर्क करने पर सुधारने का आश्वसन बस दे रहे हैं लेकिन सुधार नहीं कर रहे हैं। बिजली बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। आमजन जन प्रतिनिधियो को कोस रहे हैं और अपनी समस्या को किसके पास लेकर जाए इसी चिंता में है।

# दस दिन से लापता महिला की जंगल में मिली लाश

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत जंगल में बीते करीब दस दिनो से लापता एक ग्रामीण महिला का सड़ा गला शव मिला है। मृतका की पहचान कर ली गई वह मध्यप्रदेश के मण्डला जिले के ग्राम घुघरी की रहने वाली बताई जा रही है। शव की स्थिति तथा घटना स्थल की परिस्थितियों को देख मृतका के परिजनो द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है।

वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों की सूचना पर चिल्फी पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मृतका का शव बरामद कर लिया है और अब मर्ग तथा शव के पीएम के बाद मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका का नाम संपतिया धुर्वे बताया जाता रहा है जो मध्यप्रदेश के मंडला जिले के घुघरी थाना क्षेत्र की रहने वाली थी।बताया जा रहा है कि संपतिया बाई करीब महिने भर पूर्व इलाज कराने कबीरधाम जिले के लरबक्की गांव अपने मायके आई थी।

इसी दौरान वह 1 मई को अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने महिला के अचानक लापता होने के बाद उसकी अपने स्तर पर काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। बाद में परिजनो द्वारा संपतिया बाई की गुमसुदगी तरेगांव थाना में दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस भी उसे नहीं तलाश पाई या यूं कहें की पुलिस ने उसे तलाशने के प्रयास ही नहीं किए।

### दस दिन बाद मिली महिला की लाश

ग्रामीणों व मृतका के परिजनो के अनुसार संपतिया बाई के लापता होने के दस दिन बाद शुक्रवार को गांव के कुछ लोग जंगल में लकड़ी काटने गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि जब वे लकड़ी काटकर वापस लौट रहे थे तभी उन्हें भयानक दुर्गंध आई। पहले तो उन्होने समझा की कोई जानवर मर गया है लेकिन जब उन्होने दुर्गंध का पीछा करते हुए उसके करीब पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। जमीन पर एक महिला की निर्वस्त्र अवस्था में सड़ी गली लाश बड़ी थी। जिसे देख डरे सहमे ग्रामीण उल्टे पैर गांव की तरफ भाग गए और गांव पहुंचने के बाद उन्होने इसकी जानकारी दूसरे लोगों को तथा चिल्फी पुलिस को दी। सूचना पाकर अन्य ग्रामीण और चिल्फी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा मृतका की पहचान आसपास पड़े कपड़ो आदि से संपतिया धुर्वे निवासी मध्यप्रदेश के घुघरी थाना क्षेत्र के रूप में की गई। बहरहाल पुलिस ने शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है तथा शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### मृतका के शरीर पर चोट के निशान?


एक तरफ पुलिस भूख प्यास से महिला की मौत की बात कह रही है तो दूसरी तरफ मृतका के परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। मृतका के परिजनो का कहना है कि मृतका के शरीर पर चोट के निशान साफ नजर आ रहे हैं जिससे स्पष्ट होता है कि उसकी हत्या की गई है। बहरहाल महिला की मौत कैसे हुई इस बात का खुलासा पीएम रिपोर्ट के आने के बाद ही पाएगा।

### घोंघा स्कूली के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित हाई स्कूल, सर्टिफिकेट परीक्षा में जिले के बोडला विकासखंड के अंतर्गत राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत संचालित शासकीय हाई स्कूल घोंघा के 97.44 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है। संस्था के प्राचार्य रामकुमार बघेल. ने बताया कि विद्यालय से परीक्षा में प्रविष्ट 39 में से 38 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे हैं जिसमें 22 विद्यार्थी प्रथम एवं 15 विद्यार्थी द्वितीय, एवं एक विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से सफल हुए हैं। कुमारी रूखमणी पटेल ने 81.66 प्रतिशत, कुमारी मंजू तिलगाम 81.6 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हांसिल की है।

### बेमौसम बारिश...



कवर्धा। भीषण गर्मी के बीच अंचल के कई ईलाकों में फिर हल्की तेज बेमौसम बारिश।

# आदित्यवाहिनी आज मनायेगा जायेगा भगवत्पाद आद्य शंकराचार्य का 2531 वां प्राकट्य महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पुरीपीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती महाभाग द्वारा संस्थापित आदित्य वाहिनी कवर्धा के द्वारा आगामी 12 मई को शाम 6.00 बजे स्थानीय अटल बिहारी ऑडिटोरियम में भगवत्पाद आद्य शङ्कराचार्यजी के 2531 वें प्राकट्य महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के वक्ता आमंत्रित किए गए हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए आदित्य वाहिनी के जिलाध्यक्ष आशीष दुबे ने अवगत कराया कि सर्वप्रथम भगवान आदि शंकराचार्य का विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन होगा जिसके बाद आमंत्रित वक्ताओं के द्वारा भगवान आदि शंकराचार्य की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। मुख्य वक्ता के रूप में पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु शङ्कराचार्य जी के कृपापात्र शिष्य आचार्य पं. झम्मन शास्त्री कथाव्यास-व्याख्यान दिवाकर आयेंगे तथा विशेष अतिथि के रूप में वक्तागण पं. मोहन प्रसाद त्रिपाठी प्रसिद्ध भगवताचार्य, विजय शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री आदित्यवाहिनी संगठन तथा अवधेशनंदन श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्यवाहिनी छत्तीसगढ़ होंगे। कार्यक्रम के अंत में समस्त आगंतुकों के लिए भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की गई है।

### नपा अध्यक्ष कौशिक ने दिए अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश

# गुरूनाला की साफ-सफाई का नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक आज गुरूनाला में चल रहे सफाई कार्यो का जायजा लेने पहुंचे। गुरूनाला सफाई कार्य सुचारू ढंग से किये जाने हेतु निर्देशित भी किया।

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि विगत 4-5 दिनों से गुरूनाला का सफाई कार्य किया जा रहा है गुरूनाला का सफाई कार्य किये जाने हेतु सीमांकन करते हुए चैन माउंटेन पोकलेन व सफाई कर्मचारी की मदद से सफाई कार्य प्रारंभ किया गया है जो बरसात पूर्व सफाई कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।



उन्होनें बताया कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा के निर्देशों का पालन करते हुए कार्य कराया जा रहा है बरसात शुरू होने से पहले ही संपूर्ण गुरूनाला का सफाई पूर्ण कर लिया जायेगा, ताकि बरसात के दिनों में निचली बस्तियों में पानी न भरे व निवासरत परिवारों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होनें बताया कि गुरूनाला की सफाई कार्य हेतु नगर पालिका टीम जुटा हुआ है आज गुरूनाला निरीक्षण में शहर मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चन्द्रवंशी, पार्षद सुनील साहू, सभापति प्रतिनिधि अनिल साहू, कबीरपंथ जिलाध्यक्ष ईश्वरी साहू, समाज सेवक नरेश मानिकपुरी, अनुसूचित जनजाति उपाध्यक्ष बिहारी धुर्वे साथ में उपस्थित थे।

# भाजयुमो ने कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेसी सैम पित्रोदा के खिलाफ पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो के जिला अध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार की बौखलाहट से कांग्रेस के नेताओं द्वारा भारत को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि एक और कांग्रेस के युवराज कहे जाने वाले राहुल गांधी भारत तोड़ने वाले को समर्थन दे रहे हैं और भारत जोड़ो की बात करते हैं। श्री साहू ने कहा कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा द्वारा भारत की जनजातियों व विविध क्षेत्रों के लोगों को लेकर दिया गया है वह अशोभनीय है और आपत्तिजनक है। भाजयुमो इसका पुरजोर विरोध करती है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष मनीराम साहू, महामंत्री सचिन गुप्ता, योगेश चंद्रवंशी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य खिलेश्वर साहू, हुमलाल पटेल, शहर मंडल महामंत्री राजा टाटिया, जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, योगेश ठाकरे, शहर अध्यक्ष अनिल साहू, महामंत्री रमाकांत चंद्रवंशी सहित उपस्थितत थे।



## सार समाचार

### स्कूल में छात्रा विनिशा 10वीं में प्रथम



**राजनांदगांव।** बाल भारती पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा विनिशा साहू पिता गोविंद साहू (साव) ने कक्षा दसवीं में 95 प्रतिशत लाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त की है। ज्ञात हो कि पिता गोविंद साहू (साव) छत्तीसगढ़ के ख्यातिलब्ध संगीतकार हैं। विनिशा के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, परिजनों सहित ईष्ट मित्रों में हर्ष का माहौल है। सभी ने विनिशा साहू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### खुशाल ने जीता गोल्ड मेडल



**राजनांदगांव।** भिलाई के कृष्णा पब्लिक स्कूल में आयोजित ऑल इंडिया ओपन नेशनल कराते चैम्पियनशिप 2024 में शहर के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें जेएलएम गायत्री विद्यापीठ के कराते खिलाड़ियों ने भी अपने प्रशिक्षक जयप्रकाश साहू के नेतृत्व में हिस्सा लिया। इसी टीम से मात्र 11 वर्षीय खुशाल जायसवाल पिता सुशील जायसवाल लखोली राजनांदगांव निवासी ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर शहर एवं समाज का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर जायसवाल समाज के संरक्षक अनुप जायसवाल, सुनील जायसवाल, अध्यक्ष दयाशंकर जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, नवीन जायसवाल, राहुल जायसवाल, चंदन जायसवाल, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. सुशील जायसवाल, डॉ. अमित जायसवाल, दिनेश जायसवाल, संजय जायसवाल, अजय जायसवाल, रवि जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, बबूल जायसवाल, प्रमोद जायसवाल, नवीन जायसवाल सहित समाज के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी डॉ. सुशील जायसवाल मीडिया प्रभारी जायसवाल समाज राजनांदगांव ने दी।

### भाजपा सरकार में शराब की कोचियागिरी शुरू



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में शराब दुकान के स्टींग ऑपरेशन के खुलासा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपाई शराब तस्करी कर रहे। सैया-भैये कोतवाल तो डर किस बात का, जब मुख्यमंत्री के पास ही आबकारी विभाग है। ऐसे में अवैध शराब के धंधे करने वाले पर कार्रवाई कौन करेगा? पूर्व मुख्यमंत्री के क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। शराब दुकान में की गई स्टींग ऑपरेशन से उसका खुलासा हो गया है।

भाजपा सरकार में शराब की कोचियागिरी फिर शुरू हो गई है। आबकारी विभाग ने शराब कोचियों के लिए रेट फिक्स कर दिया है। प्रति पेटी 200 रुपए अतिरिक्त आबकारी विभाग को दो और जितना चाहे उतना पेटी शराब दुकान से लो और गांव-गांव में बेचो। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा का शराब के प्रति प्रेम 15 साल के रमन सरकार के दौरान भी दिखता है और अब फिर 4 महीने में ही शराब से अवैध कमाई का काला खेल फिर शुरू हो गई है। रमन सरकार के दौरान कैबिनेट की बैठक में दो मंत्री भिड़ गए थे कि शराब से आने वाली 1500 करोड रुपए की अतिरिक्त कमाई किस खाते में जाएगा, पूरा प्रदेश ने देखा था।

अब एक बार और शराब का काला खेल शुरू हो गया। श्री ठाकुर ने कहा कि जो भाजपा शराबबंदी के नाम से सवाल उठाती थी, आज वहीं भाजपा की सरकार गांव-गांव में शराब बेचने की दिशा में काम कर रही है। कांग्रेस के सरकार में अवैध शराब पर सख्ती से रोक लगा था। शराब की दुकान कम की गई थी और शराबबंदी की दिशा में प्रयास किया गया था। श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा राज में माफिया फलते-फूलते हैं। 15 साल के भाजपा सरकार के दौरान रेत माफिया, शराब माफिया, भू-माफिया, सूदखोर माफिया सक्रिय थे, जो 5 साल में खत्म हुआ था। अब फिर वह सिर उठाकर सामने आ गए हैं। भाजपा का तस्करों के साथ पुराना रिश्ता है।

## जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं है, विकसित करने का प्रयास

# कलेक्टर ने दुर्गम रास्तों से चलकर मंडीप खोल गुफा का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने जिले के छुईखदान विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ठाकुरटोला के सघन जगलों के बीच स्थित ऐतिहासिक मंडीप खोल गुफा का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडीप खोल गुफा का निरीक्षण करते हुए पूजा-अर्चना के लिए गुफा खोलने से पहले सुरक्षा का खास ख्याल रखते हुए साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा गुफा के आस-पास स्थित अन्य स्थलों का भी निरीक्षण किया।

यह गुफा हर साल अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को पर्यटकों के लिए खुलता है, जहां सैकड़ों की संख्या में लोगों गुफा में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान दर्शनार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जनपद पंचायत छुईखदान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएस राजपूत को मार्ग की सफाई के साथ अन्य अव्यवस्था करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर बविंदर सिंह को रोड निर्माण की वजह से उड़ रहे धूल को कम करने के लिए पानी के छिड़काव करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सुरक्षा हेतु पुलिस विभाग के अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि भीड़ अधिक होगी। जिसे नियंत्रित करना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी होगी। साथ ही वन विभाग के अधिकरियों को बांस तथा बल्लियों के बैरिकेटिंग तैयार करने के निर्देश दिए। जिसमें गुफा के अंदर श्रध्दालु क्रम अनुसार प्रवेश कर सके। गौरतलब है कि जिले के छुईखदान विकासखण्ड के ग्राम ठाकुरटोला के समीप सघन घने जंगलों के बीच मंडीप खोल स्थित है। गुफा प्रति वर्ष अक्षय तृतीया के बाद प्रथम सोमवार को पर्यटकों के लिए खोला जाता है। जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अन्य राज्यों के पर्यटक भी भारी संख्या में मंडीप खोल गुफा को देखने पहुंचते हैं। ठाकुरटोला के जमींदार परिवार द्वारा ही मंडीप खोल गुफा की प्रथम पूजा-अर्चना की जाती है। यह एक ऐतिहासिक गुफा है, जो कि रियासतकालीन परंपराओं के तहत आज भी पूजते आ रहा है।



### प्राचीन मंदिरों के अलावा प्राकृतिक सौंदर्य भी

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। जिसके विकास के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में ऐतिहासिक पुरातन धरोहर स्थित है, यहां प्रचानी मंदिरों के अलावा प्राकृतिक सौंदर्य भी भरपूर है। जिन्हें सबके प्रयास से विकसित कर जिले का पर्यटन हब के रूप में विश्व पटल पर लाएंगे। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छुईखदान सुश्री रेणुका रात्रे, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग बविंदर सिंह कंडा, कार्यपालन अभियंता विधुत छगन शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुईखदान जेएस राजपूत, नायाब तहसीलदार साल्हेवारा अमरदीप अंचल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारिगण उपस्थित थे।

### अंतिम हिस्सा आज भी अबूझ

ठाकुरटोला के ग्रामीणों ने बताया कि यहां आने वाले पर्यटक सर्वप्रथम सेतगंगा के नाम से प्रचलित कुंड पर स्नान के पश्यात मंडीप खोल गुफा के अंदर शिवलिंग की पूजा-अर्चना करते है। सेतगंगा कुड की ऐसी मन्याता है कि यह का पानी गंगा जल की तहर शुध्द है, जो कभी खराब नहीं होता और ना ही इस जल में कीडे लगते है। ठाकुरटोला के सरपंच ने बताया कि यही सेतगंगा कुंड के अंदर चमगादड़ गुफा के नाम से विख्यात गुफा है। जिसमें हजारों की संख्या में चमगादड़ रहते है। जहां दिन में भी काफी अंधेरा होता है, यहां के पत्थरों पर टर्च की रौशनी तारों की तरह प्रतीत होता है। पिछले वर्ष यहां पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया था, जिसमें हजारों श्रध्दालु शामिल हुए थे। जिनके रूकने और खाने-पीने की व्यवस्था ग्रामीणजन आपस में सहयोग करके व्यवस्था करते है। पंडित राधामोहन ने बताया कि यह विश्व का छठवां तथा भारत का दूसरा गुफा है। गुफा के अंतिम हिस्सा आज तक अबूझ कहा जाता है। साथ ही यह भी बताया कि गुफा के अधिक गहराई में जाने पर तालाब जैसे कुंड होना बताया गया है।

## शीतल पेय पदार्थ का वितरण

**राजनांदगांव।** कान्यकुब्ज महिला मंडल राजनांदगांव द्वारा 10 मई को स्थानीय महावीर चौक स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण में सेवा कार्य के रूप में शीतल पेय पदार्थों का वितरण किया। शाम 4 से 6 बजे तक मंदिर परिसर में कान्यकुब्ज समाज की महिला सदस्यों द्वारा स्टाल लगाकर राहगीरों एवं मंदिर परिसर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को सेवा भावना से शीतल पेय पदार्थ एवं शरबत का निःशुल्क वितरण किया गया।

इस सेवा कार्य में कान्यकुब्ज महिला मंडल अध्यक्ष ममता संजीव अवस्थी, सचिव लक्ष्मी शुक्ला, कोषाध्यक्ष मोहिनी शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य अमोद दीक्षित, प्रियंका तिवारी, आकांक्षा शुक्ला, शुभ्रा मिश्रा, सुधा तिवारी, सुषमा शुक्ला, स्वाति शुक्ला, नीना तिवारी, आशा मिश्रा, संजू मिश्रा, नमिता शुक्ला, सीमा बाजपेयी, पल्लवी शुक्ला एवं अर्पिता मिश्रा शामिल रही।

मंडल अध्यक्ष ममता ने बताया कि अक्षय तृतीया पर लोगों को शीतल एवं मीठा पेय पिलाने की सनातनी परंपरा रही है, जिसे आज की व्यस्त जीवनशैली में हम भूलते जा रहे हैं या अनदेखा कर रहे हैं, इसलिए हमारे महिला मंडल टीम द्वारा सामाजिक जागरूकता लाने यह सेवा कार्य किया गया है। सचिव लक्ष्मी शुक्ला ने संस्कारधानीवासियों से इस बढ़ती गर्मी के मौसम में अपने आसपास के लोगों और पशु पक्षियों के लिए पेयजल की सहज एवं सुलभ उपलब्धता हेतु यथाशक्ति सुमचित प्रयास करने की अपील की है।

## विवाह प्रोत्साहन योजना में दी प्रोत्साहन राशि



**सोमनी।** ग्राम परमालकसा-अचानकपुर में संचालित कविता बायो फर्टिलाइजर के प्रोपराइटर ने अनोखा कार्य किया।

मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, इस कथन को आज पूर्ण करते कविता बायो फर्टिलाइजर के प्रोपराईटर दलबीर सिंह राजपूत द्वारा मानव सेवा में एक कदम बायो फर्टिलाइजर द्वारा किया गया, जहां उनके एक कदम बढ़ाने से ग्राम पंचायत परमालकसा-अचानकपुर के अंतर्गत निवासरत प्रत्येक कन्या के विवाह में 11000 रुपए नगद देकर एक छोटा सा पहल चालू कर हम सभी को मार्गदर्शन दिया है। उनके इस सहयोग से बेटियों के विवाह में निश्चित रूप से एक छोटा सा सहयोग ही सही उनके विवाह प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया गया एवं आने वाले समय में भी ग्राम पंचायत के अंतर्गत निवासरत कन्या विवाह प्रोत्साहन राशि के रूप में 11000 रुपए देकर एक छोटा सा सहयोग करने का पहल किया है।

इसके लिए ग्राम के समाजसेवी रामकिसुन साहू ने इस मानव सेवा के लिए कविता बायो फर्टिलाइजर के प्रोपराइटर दलबीर सिंह राजपूत का ग्रामवासी एवं विवाह प्रोत्साहन के अंतर्गत प्राप्त किए गए सभी पालकों की ओर से दलबीर सिंह राजपूत का आभार व्यक्त किया।

## 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों को कलेक्टर ने दी बधाई

- 10वीं में तेजेश्वी सिन्हा ने 93 .50 फीसदी अंक अर्जित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सभी सफल छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।

कलेक्टर ने सफल विद्यार्थियों एवं जिले के टॉपर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते कहा कि उनकी सफलता से जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का गौरव बढ़ा है। जिले में टॉपर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते कहा कि उनकी सफलता से सभी जिलेवासी गौरवान्वित हुए हैं। शिक्षा विभाग के समस्त शिक्षकों, जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन एवं प्रयास, वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन के चलते नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी सफलता के शिखर को प्राप्त किया है।

कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा विभाग ने अपना संपूर्ण योगदान दिया है। जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अग्रसर रहेगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी में पूर्व वर्षों की तुलना में उत्कृष्ट रहा है। उल्लेखनीय है कि कक्षा दसवीं में मोहला 94.75 प्रतिशत, मानपुर 93.08 प्रतिशत, अंबागढ़ चौकी 91.34 प्रतिशत एवं जिलेभर का 92.75 प्रतिशत रहा है। वहीं कक्षा 12वीं में मोहला 94.77 प्रतिशत, मानपुर 92.50 प्रतिशत, अंबागढ़ चौकी 92.64 प्रतिशत तथा जिले का 93.22 प्रतिशत रहा। बहुत से स्कूलों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत आया है। वहीं पूर्व वर्षों की तुलना में जिले का बोर्ड परीक्षा परिणाम में बढ़ोतरी हुई है। जिले के 10वीं में कुल 1321 व 12वीं में 1042 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में जगह बनाए हैं।

जिले में कक्षा 10वीं में टॉपर विद्यार्थियों में तेजेश्वी सिन्हा 93.50 प्रतिशत, नुपूर सोनी 93.17 प्रतिशत, विनिता पिस्दा 93.17 प्रतिशत, मोनालिका 92.67 प्रतिशत, दीपक कुमार 92.50 प्रतिशत, ध्रुव कुमार साहू 91.83 प्रतिशत, पमिता 91.83 प्रतिशत, स्नेहा 91.83 प्रतिशत, पायल साहू 91.50 प्रतिशत, रिघिया मंडावी 91.17 प्रतिशत, किरण 91.00 प्रतिशत, रितिका 90.67 प्रतिशत, रसीका कवंर 90.16 प्रतिशत शामिल है।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं में टॉपर विद्यार्थी में वैजन्ति 92.20 प्रतिशत, आराधना निषाद 92.20 प्रतिशत, राधिका 91.20 प्रतिशत, लोमेश्वरी 91.00 प्रतिशत, झामेश पटवा 90.20 प्रतिशत, कुमेश्वरी 88.00 प्रतिशत, आसमा बानो 87.20 प्रतिशत, मधु 87.20 प्रतिशत, दुष्यंत कुमार 87.00 प्रतिशत, लीशा श्रीवास 85.80 प्रतिशत, धीरज निषाद 85.80 प्रतिशत, श्रुति गुप्ता 85.60 प्रतिशत, पूनम 85.60 प्रतिशत, विवेक कुंभकार 85.40 प्रतिशत, श्रद्धा सिंधराम 85.40 प्रतिशत, नेहा 84.40 प्रतिशत, रूबी 83.80 प्रतिशत, टिवंकल देवांगन 83.80 प्रतिशत शामिल है।

## आयुक्त ने शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली के लिए दिए निर्देश

**राजनांदगांव।** स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं कचरा पृथककरण के लिए जनजागरूकता लाने नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने एसएलआरएम सेंटर प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने प्रभारियों से चर्चा कर प्रतिदिन घर-घर कचरा एकत्रित करने शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करने के निर्देश दिए।

आयुक्त गुप्ता ने एसएलआरएम सेंटर प्रभारियों से कहा कि स्वच्छता दीदीयां प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेंटर में कचरा पृथककरण करती है। कुछ लोगों द्वारा गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग न देकर एक साथ देते हैं। जिससे कचरा पृथककरण में असुविधा होती है। उन्होंने कहा कि कचरा पृथककरण एवं स्वच्छता के लिए जनजागरूकता अभियान चलाना है और अभियान से नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना है। इस अभियान का मूल उद्देश्य स्त्रोत पर कचरे का पृथककरण करना है। इसका मतलब घर में ही कचरे को हरा डिब्बा में गीला कचरा एवं नीला डिब्बा में सूखा कचरा पृथककरण किया जाए। इसके लिए लोगों को जानकारी दें।

कचरा संग्रहण एवं पृथककरण के संबंध में सेंटर प्रभारियों से आयुक्त गुप्ता ने जानकारी ली। आयुक्त ने कहा कि सभी सेंटर सुपरवाईजर प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्र के मकानों का सर्वे करें और जिन मकानों से यूचर चार्ज नहीं मिल रहा है, उनकी सूची बनावे, रजिस्टर में इंद्राज करें व उन्हें समझाएं कि यूजर चार्ज से ही स्वच्छता दीदीयों का वेतन दिया जाता है। साथ ही अलग-अलग डस्टबिन स्वयं खरीदकर अलग-अलग कचरा रखने घर में ही कचरा पृथककरण करने समझाईस दें।

आयुक्त गुप्ता ने कहा कि एसएलआरएम सेंटर में प्रतिदिन आए कचरे की उसी दिन पृथककरण करें तथा खाद बनाने की प्रक्रिया करें, बने हुए खाद का विक्रय करें। सेन्टर प्रभारियों ने कुछ सेंटरों में पीठ बनाने की मांग की।

## रेल मदद एप से यात्रियों की समस्याओं का निराकरण

**राजनांदगांव।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक रेल मदद एप पर प्राप्त रेल यात्रियों के लगभग 62777 समस्याओं/ शिकायतों का शत-प्रतिशत त्वरित समाधान किया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डिजिटल पहलों के अनुरूप भारतीय रेलवे ने शिकायत प्रबंधन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल करते रेल यात्रियों की शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया को सुधारने एवं तेज करने रेलवे द्वारा रेल मदद नाम से एक एप जारी किया है। रेल मदद एप यात्रियों की शिकायतों को दर्ज कर शिकायतों के निवारण की स्थिति के बारे में उन्हें लगातार जानकारी मुहैया कराता है। यात्री को इस एप पर रजिस्ट्रेशन के बाद एसएमएस के जरिये शिकायत संख्या उपलब्ध कराकर रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी भी दी जाती है।

## मेघा ने बायो में अर्जित किए 80% अंक



**राजनांदगांव।** स्वामी आत्मानंद सर्वेश्वरदास स्कूल राजनांदगांव की छात्रा मेघा हिरवानी पिता धर्मेन्द्र हिरवानी व माता श्रीमती शकुन हिरवानी ने 12वीं बायो में 80 प्रतिशत अंक के साथ सफलता पाई। इस उपलब्धि पर परिवारजनों, ईष्टमित्रों एवं शिक्षकों ने छात्रा को बधाई दी है। छात्रा से शुरू से ही मेधावी रही है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार में हर्ष व्याप्त है।

परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
➤ स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
➤ किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
➤ नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
➤ निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
➤ सभी प्रकार की जनरल व लैप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में
सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

## सरकार को चाहिए कन्यादान योजना शुरू करें : रमन



**राजनांदगांव।** सिंघोला के मिनी स्टेडियम में बीते 9 मई को मां भानेश्वरी जयंती अवसर पर अतिथियों ने मां भानेश्वरी और मां कर्मा माता की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री नीलमणि साहू, कोषाध्यक्ष नोबेल साहू व नगर साहू संघ अध्यक्ष कुलेश्वर साहू आदि शामिल थे। कार्यक्रम के अवसर पर सुबह गांव में कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात विवाह, भंडारा, स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तदान तथा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समाज द्वारा आयोजित दो जोड़े आदर्श विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा करते कहा कि कन्यादान योजना छत्तीसगढ़ सरकार को शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने मां भानेश्वरी मंदिर सिंघोला में जो भी कार्य हो, उसे प्रस्ताव मेरे पास भेजेंगे। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू व प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल साहू ने भी संबोधित किया। आयोजन को सफल बनाने जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू एवं अन्य पदाधिकारी की अतिथियों ने प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान मोतीलाल साहू, भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, गीता साहू, छन्नी चंदू साहू, मधुसूदन यादव, हेमा देशमुख, कुलेश्वर साहू, खिलेश्वरी साहू, भुनेश्वर साहू, मोहनकुमारी, हनुमंत साहू, दयाराम साहू, लखन साहू, हलधर साहू, चर्तुभुज साहू, अंजनी साहू, अंजु साहू, शैलेन्द्र साहू, नीरा साहू, चंद्रशेखर साहू, जगतनारायण साहू, नंदकुमार साहू, भोजराज साहू, रोशन साहू, सुरेश साहू, दिलीप ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## सेवा के लिए स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी एवं जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त स्काउट अभय जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले के 9 स्थलों पर नागरिकों के लिए ग्रीष्मकालीन प्याऊ घर सेवा 9 अप्रैल से 9 मई तक उपलब्ध कराई गई।

इसके अंतर्गत रौनक कैटर्स एंड टेंट हाउस, जिला सतनामी सेवा समिति, त्रिशंख मंडल राजनांदगांव, गट्टानी परिवार डोंगरगढ़, सोमनी वस्त्रालय, सोमनी इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर के सहयोग से महावीर चौक, नया बस स्टैंड, संत कंवरराम चौक, ठाकुर प्यारेलाल चौक, हरदुवा मुख्य मार्ग, यात्री प्रतीक्षालय सकुलदैहान, सोमनी बस स्टॉप, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के सामने प्याऊ घर सेवा उपलब्ध कराई गई। प्याऊ घर सेवा संचालन में स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स की सराहनीय भूमिका रही।

प्याऊ घर सेवा कार्य के लिए बी. संगीता राव, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहारे, जिला क्रीड़ा अधिकारी उषा चटर्जी, नोडल स्काउट गाइड प्रशांत चितवरकर, नितिन हिरवानी, अंबिका देवांगन एवं 100 स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित एवं उत्साहवर्धन किया गया। शा.उ.मा. विद्यालय सुरगी, शा.उ.मा. विद्यालय भानपुरी, महंत राजा बलराम दास शा.उ.मा. विद्यालय स्टेट स्कूल, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शा.उ.मा. विद्यालय बसंतपुर, महारानी लक्ष्मीबाई शा.उ.मा. विद्यालय राजनांदगांव, शा.उ.मा. विद्यालय हरदुवा, शा.उ.मा. विद्यालय उपरवाह, शा.उ.मा. विद्यालय शंकरपुर, शा.उ.मा. विद्यालय स्टेशन मुढ़ीपार, शा.उ.मा. विद्यालय पटेवा, शा.उ.मा. विद्यालय बघेरा, शा.उ.मा. विद्यालय पदुमतरा, वेसलियन हिंदी मीडियम स्कूल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह शा.उ.मा. विद्यालय राजनांदगांव, शा.उ.मा. विद्यालय सोमनी, शा.उ.मा. विद्यालय सुकुलदैहान, शा.उ.मा. विद्यालय बेलगांव, शा.उ.मा. विद्यालय मुरमुन्दा, शासकीय हाई स्कूल भंडारपुर, शा.उ.मा. विद्यालय डोंगरगढ़, आम्बेडकर ओपन रोवर क्रू सरोजनी ओपन रेंजर टीम डोंगरगढ़ के स्काउट रोवर ने सेवा कार्य किया। इस कार्य में नोडल स्काउट गाइड जिला मुख्यालय आयुक्त गाइड उषा चटर्जी, जिला सचिव देवेंद्र अम्बादे, मयूख श्रीवास्तव, रमेश दास साहू, रामलाल चंद्रवंशी, जीपी नेताम, राजेश साहू, राजाराम देवांगन, हेमंत देशमुख, सुशीला नेताम, नीरेन्द्र नीलम साहू, आरती साहू, सरिता साहू, सोमिन साहू, अंजली, मनीषा भीमटे, शीला गुप्ता, भारती रजक, सीमा सिंह, ललिता पगारे, राकेश भावते, राकेश रामटेके, कमलेश्वर, जनोहर, डीडी, नीलकंठ की सहभागिता रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

कर्नाटक में 13 से 18 मई तक होगी प्रतियोगिता

# ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल मेंस यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में सात खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता कर्नाटक राज्य के बैंगलोर यूनिवर्सिटी में दिनांक 13 से 18 मई तक आयोजित होने जा रहा है जिसमे हेमचंद यादव दुर्ग यूनिवर्सिटी की भी टीम सम्मिलित हो रही है, जिसके लिए प्रयास स्पोर्ट्स एकेडमी कवर्धा से प्रकाश यादव, कलेश्वर निर्मलकर, गगनदीप साहू, प्रवीण साहू, छत्रपाल पटेल कवर्धा पीजी कॉलेज में अध्यनरत है वही पिंटू सिन्हा सुराना कॉलेज दुर्ग में अध्यनरत है जिनका चयन उनके अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हुआ है जो 11 मई को दुर्ग के रेल्वे स्टेशन से रवाना होगी, एकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया की इसका सलेक्शन ट्रायल 08 फरवरी को कवर्धा के सॉफ्टबॉल ग्राउंड में आयोजित हुआ था जिसमे कवर्धा पीजी कॉलेज की टीम ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। वही ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट हेतु दुर्ग यूनिवर्सिटी का प्रशिक्षण कैंप कवर्धा के छीरपानी ग्राउंड में दिनांक 04 मई से 10 मई तक आयोजित किया गया। जिसमें कोच राजा जोशी एवं भूपेंद्र गड़ेवाल के द्वारा सभी खिलाडियों को हिटिंग, फिल्डिंग, पिचिंग का प्रशिक्षण दिया गया वही कैंप के समापन समारोह में कवर्धा पीजी कॉलेज के प्राचार्य बीएस चौहान, कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी खेलन मोहले का आगमन हुआ और कैंप में आए हुए सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन करते हुए शुभकामनाएं दी। ।

**खिलाड़ी हुए रवाना प्रबंधन ने दी शुभकामनाएं**



अकेडमी के सात खिलाडियों का ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता हेतु चयनित होने पर कबीरधाम जिले के मुख्यकार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक डॉ.अभिषेक पल्लव, बलरामपुर पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेंद सिंह, जिला सहायक खेल अधिकारी दिनेश साहू व अश्वनी चंद्राकर,अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, दिनेश वर्गीस,अतुल देशलहरा, श्याम चकोर, अमन ठाकुर, अविनाश चौहान, विकास यादव, मो तस्लीम आरिफ एवं समस्त खिलाडियों ने सभी को बहुत-बहुत बधाई दी एवं उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।

# हायर सेकंडरी स्कूल गुढ़ा का परीक्षा परिणाम रहा 96 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा






विकासखंड कवर्धा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ा का सीजी बोर्ड में कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम काफी बेहतर रहा।

विद्यालय में इस वर्ष कक्षा 10 वीं में 96 प्रतिशत और कक्षा 12वीं में 98 प्रतिशत बच्चे सफल हुए। वही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ा में कक्षा 12वीं में कुसुमलता ने 91.4 प्रतिशत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान में विनायक ने 83.5 प्रतिशत के साथ जगह बनाई। इसके साथ ही कक्षा 10वीं में पुरेंद्र सिन्हा ने 90 प्रतिशत के साथ प्रथम और आराधना साहू ने 86.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किए है। शाला के प्राचार्य सुशील कुमार चंद्रवंशी ने छात्रों के बेहतर परीक्षा परिणाम पर कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। बेहतर परीक्षा परिणाम से पालक और शिक्षक सभी हर्षित है। प्राचार्य सुशील चन्द्रवंशी, उप प्राचार्य अशोक मिश्रा सहित शिक्षकों ने सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभ कामनाएं दी।

## जैन जागृति महिला मंडल ने अक्षय तृतीया पर किया मिठा वितरण




**हरिभूमि कवर्धा।** जैन जागृति महिला मंडल द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर महावीर स्वामी चौक कवर्धा में मुख्य मार्ग से गुजरने वाले सभी भाई-बहनों को निमंत्रित कर छाछ वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल की लायन श्रीमती सुशीला श्रीश्रीमाल, श्रीमती मीना बोथरा, श्रीमती विजया पारख, श्रीमती शशि श्रीश्रीमाल, श्रीमती प्रीति नाहटा, श्रीमती मधु नाहर, श्रीमती रुपल पारख सहित अनेक सदस्याओ ने अपनी सेवाएं दी। ग्रीष्म ऋतु के बढ़ते तापमान मे शीतल मट्ठा का पान कर राहगीरों ने मंडल की शानदार पहल की सराहना की। ज्ञातव्य है की कवर्धा की जैन जागृति मंडल समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा कर रही है।

# पार्वती यादव बनीं राष्ट्रीय सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के हितों के लिए सतत संघर्षरत छत्तीसगढ़ वीरांगना आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की प्रदेश अध्यक्ष व कबीरधाम जिले से है पड़रिया निवासी श्रीमती पार्वती यादव को ऑल इंडिया आंगनबाड़ी एम्प्लाईज फैडरेशन का राष्ट्रीय सचिव नियुक्ति किया गया है।

साथ ही उनके कुछ साथी है छत्तीसगढ़ से, दुर्गावती खरे, प्रसूति सेन, अहिल्या चंद्राकर, शिवकुमारी धुर्वे यह भी राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य है, ऑल इंडिया आंगनबाड़ी एम्पलाईज फैडरेशन महिला उत्थान व महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित एक गैर राजनीतिक संगठन है।

विगत माह राजस्थान में हुए संगठन के राष्ट्रीय सम्मेलन के पश्चात श्रीमती पार्वती यादव की कार्यशीली से प्रभावित हो कर संगठन से संस्थापक व संरक्षक छोटीलाल बुनकर ने राष्ट्रीय सचिव की महती जिम्मेदारी दी है। श्रीमती यादव की नियुक्ति से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं में खुशी का माहौल है। अपनी नियुक्ति को लेकर श्रीमती यादव ने कहा कि मैं सदैव अपने साथियों के हक के लिए लड़ाई लड़ती आ रही हूं और सदा लड़ती रहूंगी। संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका निर्वाहन पूरी जिम्मेदारी से करूंगी। हमारे किसी भी साथी को कोई भी दिक्कत हो मुझे अपने साथ 24 घण्टे खड़ा पायेगा। श्रीमती पार्वती की नियुक्ति को लेकर जिले व प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहयिकाओ ने बधाई दी।

# कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा



**गंडई पंडरिया।** गंडई में 18 से 24 जून तक अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शिव भक्तों को शिव महापुराण की कथा का श्रवण कराएंगे। इस आयोजन के लिए समिति द्वारा व्यापक तैयारियां किया जा रहा है।

कथा के लिए गोंडवाना मैदान को तय किया गया है जिसका आगामी 13 मई को भूमिपूजन किया जाएगा। समिति ने कलेक्टर से कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर निवेदन किया था इस परिपेक्ष्य में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने शनिवार को गोंडवाना मैदान का जायजा लेते समिति वालो से बातचीत किया। उन्होंने भोजन व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, भीड़, पानी एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लिया। उन्होंने कार्यक्रम के लिए चयनित स्थल को पर्याप्त बताते हुए जल्द ही प्रशासनिक बैठक कर व्यवस्थाओं को लेकर निर्देशित करने की बात कही। समिति के सुधांशु यादव ने बताया कि कलेक्टर के समक्ष समिति ने नदी पर वैकल्पिक 2 पुल बनवाने का निवेदन किया है ताकि महिलाओ और पुरुषों को व्यवस्थित किया जा सके। इस दौरान एसडीएम रेणुका रात्रे, नायब तहसीलदार अमरदीप अंचल, सीईओ जेएस राजपूत, समिति के सुनील अग्रवाल, जित्तू गोयल, पुष्पेंद्र देवांगन, खम्हन ताम्रकर, अनिल जैन, गोल्डी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा दसवीं में कखुशी साहू रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय कचहरी पारा कवर्धा मे सत्र 2023 -24 कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम मे 96 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए, जिसमें कुमारी खुशी साहू 93प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम रही, तथा मानसी वारते 92प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय रही।

कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम 92 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए, आशीष कुमार पात्रे 83.6 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम रहा। वही प्राचार्य आरएस धुर्वे ने बताया कि हिंदी माध्यम कक्षा दसवीं में 94 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए, जिसमें कुमारी लिकेश्वरी साहू ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम रही, तथा द्वितीय स्थान मीठी गुप्ता 90 प्रतिशत प्राप्त की, इसी प्रकार हिंदी माध्यम कक्षा 12वीं में 86 प्रतिशत रहा, जिसमें धन्ना साहू ने 88.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम रही।

वही प्राचार्य व स्टाफ ने विद्यार्थियों को आगे कड़ी मेहनत कर और भी अच्छे अंक प्राप्त करने प्रोत्साहित किया गया।

## राहगिरों व ग्रामीणों को आकर्षित कर रहे गुलमोहर के फूल...



**बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रवेली मार्ग पर स्थित जेवडन चौक जहां सड़क किनारे गुलमोहर पेड़ में लाल फूल निकल आए हैं जो की गर्मी में लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं, गर्मी के दिनों में यह गुलमोहर की लाल रंग का गुच्छेदार फुल बहुत ही सुंदर व मन मोहक दिख रहे हैं क्षेत्र में गुलमोहर दो प्रकार की पाए जाते हैं लाल और पीले गुलमोहर दोनों ही दिखने में बहुत आकर्षक लगते हैं गुलमोहर आयुर्वेदिक दृष्टि से भी लाभकारी होता है जो ग्रामीण लोगों को आकर्षित का केंद्र बन चुका है।

# एडिशनल मिशन डायरेक्टर नीति आयोग शेखर रहे जिले के दौरे पर

**मोहला।** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत आनंद शेखर एडिशनल मिशन डायरेक्टर नीति आयोग (दिल्ली) जिले के विकासखंड अंबागढ़ चौकी दौरे पर रहे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह भी मौजूद रहे। आनंद कुमार ने बांधाटोला स्थित आयुष्मान आरोग्य सेंटर पहुंचकर बीमारियों, सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली एवं सम्पूर्ण स्थिति का जायजा लिया। साथ ही आत्मानंद स्कूल अं.चौकी में स्मार्ट क्लास, लैब और पढ़ाई से संबंधित सुविधाओं का अवलोकन किया। वहीं शिक्षकों को बच्चों में व्यवहार परिवर्तन, करियर क्लास, पोषण के संबंध में जानकारी देने की बात कही। क्लास ड्रैप के संबंध में जानकारी ली। आनंद कुमार ने शिक्षा व्यवस्था की सराहना की। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई मरारटोला चिल्हाटी पहुंचे। वहां उन्होंने सफाई दीदियों से कचरा प्रबंधन की जानकारी ली। इसके साथ ही नलजल, शौचालय के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लिए। साथ ही उन्होंने ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट आमाटोला का अवलोकन किया। वहां उन्होंने संक्षेप में जानकारी ली।




### आंगनबाड़ी केन्द्र का किया अवलोकन

घरों से निकलने वाले दूषित पानी को कैसे फिल्टर कर तालाब में पहुंचाया जाता है प्रोसेस को जाना। साथ ही आनंद कुमार ने पास में ही स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन कर बच्चों की संख्या, गतिविधि, पोषण ट्रैकर की जानकारी ली। वहीं आमाटोला में ही हितग्राही के घर शौचालय का भी अवलोकन किया। ग्रामीणों से चर्चा कर समस्या पूछे। इस दौरान आनंद ने चौकी विश्राम गृह में कुछ किसानों से मुलाकात कर उनकी हाल-चाल जाना व खेती किसानी से जुड़े संबंधित बातों पर चर्चा किए। किसानों ने मिलेट्स भेंट किए। इसके साथ ही किसानों से बातचीत कर मिलेट्स उत्पादन, प्रोसेस, प्रोड्क्ट तैयार आदि की जानकारी लिए एवं आने वाले समय में बेहतर हेतु आवश्यकता दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, परियोजन निदेशक हेमंत ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ अं.चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके समेत विकासखंड स्तरीय आला अधिकारी उपस्थित थे।

# लालबाग में 13 को दिव्य सत्संग

- श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पूज्य श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार राजनांदगांव द्वारा 13 मई को दिव्य सत्संग एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया है। सत्संग शाम 7 से 9 बजे तक पुष्पांजलि भवन रॉयल किड्स स्कूल के पास लालबाग में आयोजित है। सत्संग में जगदलपुर से भजन गायक केपीएस बामल एवं शालिनी जोशी समां बांधेगे। शालिनी एवं बामल जीडी वाइन काल बैंड के संस्थापक हैं।

सत्संग संयोजक अंब्रिक मोटलानी ने कहा कि सत्संग और ध्यान के इस उत्सव में कोई जाति और धर्म का बंधन नहीं है। सबके लिए प्रवेश निःशुल्क है। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सागर ललवानी, गौरव पंजवानी, विवेक सिंह, नुपुर श्रीवास्तव, अशोक जैन, सुनीता अग्रवाल, इंदुबेन ठक्कर, थानेश्वर सिन्हा, शोभा चौरसिया एवं सभी वॉलंटियर सत्संग संध्या की तैयारी में लगे हुए हैं। उक्त जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग की संयोजिका एवं प्रशिक्षिका प्रभा ठाकुर ने दी।

## बेलगांव स्कूल में कामनी जंघेल प्रथम

**मुरमुंदा।** राजीव गांधी मेमोरियल हाई स्कूल बेलगांव में कक्षा दसवीं का परिणाम बेहतर रहा। कक्षा दसवीं में कामनी जंघेल ने 86.5, ओमकार पटेल 75.1, देविका निषाद 69, पंकज मंडावी 67.3, वर्षा वर्मा 66 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल किया। विद्यालय के संचालक शेखर श्रीवास्तव, प्राचार्य गणेशी यादव, शिक्षिका दीपा चंदेल, कामेश्वरी देवांगन, अशोक मसराम, राजेश चंद्रवंशी, नीरज सोने आदि ने बच्चों को बधाई दी है।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय तांत्रिक सम्राट)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा,पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# कवि सम्मेलन में गूंजे ठहाके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

जादूटोला उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य शंकर शरण खोब्रागढ़ और उनकी धर्मपत्नी निर्मला खोब्रागढ़े के जन्मदिवस तथा विवाह के वर्षगाँठ के अवसर पर कुमरदा में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आयोजक श्री खोब्रागढ़े, पूर्णानंद चुरेंद्र, किसन साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, ज्ञानचंद साहू, सरपंच दिनेश ठाकुर, कांतिलाल साहू, नवीन साहू, प्रदीप साहू, ललित साहू एवं फ्रेंड्स फिट क्लब के कोच हरीश चौहान आदि ने कवियों का सम्मान किया। कवि सम्मेलन की शुरुआत प्रसिद्ध गीतकार मीर अली मीर ने सरस्वती वंदना से की। उन्होंने अपने प्रसिद्ध गीत नंदा जाही का रे तथा अन्य गीत और गज़लों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी।




**दर्शकों ने उठाया आनंद :** इसके पश्चात संतु राम गंजीर, व्यंग्यकार लखन लाल साहू, बेमेतरा के गीतकार अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, झलमला के व्यंग्यकार पुष्कर राज और डॉ. एस एल गंधर्व ने हास्य कविता के माध्यम से सरकारी विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार की पोल खोला। कवियत्री माला गौतम ने छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति दी। संचालन कर रहे हास्य कवि वीरेंद्र तिवारी ने व्यंग्य रचना प्रस्तुत कर श्रोताओं को लोटपोट किया। इस अवसर पर गौरीशंकर यादव, जीडी शेंडे रामेश्वर कोसमा, प्राचार्य धर्मेंद्र सारस्वत, अनिल केसर, बैंक मैनेजर परेश कुमार स्वाइन, लाभचंद साहू, मोरारी जी, रविंद्र दुबे, ममता दुबे, रोहित तारम आदि उपस्थित थे।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रुकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133